# कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर
## (कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर)

No.F 28/KVK/NGR/2024-25/301-306 DATE: 11.07.2024

**खुली निविदा सूचना 02/2024–25**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, नागौर (कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर) पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र पर हिस्सा आधारित प्रणाली पर वर्ष 2024–25 में बीजोत्पादन फसलों की खेती के लिए इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों/कृषकों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 18/07/2024 को प्रातः 10:30 बजे तक सीलबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की सभी शर्तें कार्यालय दिवस में निविदा शुल्क रुपये 200/- (रुपये दो सौ मात्र) में बैंक ड्रॉफ्ट, बैंक चैक या नकद का भुगतान कर दिनांक 18/07/2024 को प्रातः 10:30 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है अथवा http://www.sppp.rajasthan.gov.in तथा http://www.aujodhpur.ac.in से डाउनलोड भी कर सकते है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 01:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

UBN: JAU2425WSOB00058

Sd/- 11/07/2024

(वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र
नागौर - I

प्रतिलिपि सूचनार्थ

1. श्रीमान् प्रसार शिक्षा निदेशक, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
2. श्रीमान् वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को भेजकर निवेदन है कि अपना प्रतिनिधि उक्त निविदा को खोलने हेतु भिजवाने का श्रम करावें।
3. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट इंचार्ज को भेजकर निवेदन है कि इस निविदा को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करावें।
4. फार्म प्रभारी/कमेटी कन्वेनर/सदस्य
5. नोटिस बोर्ड फार्म/कार्यालय/पंचायत समिति/..............................................
6. गार्ड फाईल

Sd/- 11/07/2024

(वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र
नागौर - I

# कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर

## (प्रसार शिक्षा निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर)

हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलों की खेती हेतु निविदा (वर्ष 2024–25)

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रम संख्या | 02 / 2024–25 |
| निविदा क्रम संख्या | क्रमांक एफ.28 / के.वी.के. / नागौर / 2024–25 / 300 दिनांकः– 11.7.2024 |
| निविदा प्रपत्र शुल्क | 200 / –रुपये |
| धरोहर राशि | 5000 / – रूपये |
| निविदा वर्ष | 2024–25 |
| खेती की अनुमानित अवधि | जूलाई 2024 से अप्रैल 2025 तक |
| अनुमानित लागत | 2,50,000 रुपये |
| परिशिष्ट संख्या–एक | हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलों की खेती हेतु निविदा प्रपत्र |
| परिशिष्ट संख्या–दो | हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलों की खेती हेतु निविदा की आवश्यक शर्तें |
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 11.07.2024 |
| निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि | 18.07.2024 प्रातः 10.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 18.07.2024 दोपहर 01:00 बजे |
| निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर |
| पत्राचार हेतू पता | वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर 341001 |

नोटः–धरोहर राशि कार्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर में किसी भी कार्य दिवस में जमा कराई जा सकती है। धरोहर राशि तथा निविदा फॉर्म दिनांक 18.07.2024 प्रातः 10:30 बजे तक ही स्वीकार किये जाएंगे। धरोहर राशि रोकड़ या बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो कि Senior Scientist and Head, Krishi Vigyan Kendra, Nagaur के नाम से देय हो, जमा करायी जा सकती है।

11/07/2024

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र
नागौर - I

संलग्नः– निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें–

## परिशिष्ट –1

## हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलों की खेती हेतु निविदा प्रपत्र (वर्ष 2024–25)

(निविदा शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात् ही निविदा प्रस्तुत करें)

| | |
|---|---|
| निविदा क्रम संख्या | क्रमांक एफ.28 / के.वी.के. / नागौर / 2024–25 / 300 दिनांकः– 11.07.2024<br>NIB Code : JAU2425A0054 |
| निविदा का नाम | हिस्सा आधारित प्रणाली पर वर्ष 2024–25 में बीजोत्पादन फसलों की खेती |
| खेती की अनुमानित अवधि | जूलाई 2024 से अप्रैल 2025 तक |
| निविदादाता का नाम व पता | .................................................<br>.................................................<br>.................................................<br>मोबाईल नं.................................. आधार नं.................................. |
| निविदा प्रपत्र शुल्क | राशि 200 रूपये :– रसीद संख्या .............................. दिनांक .............................. |
| धरोहर राशि का विवरण | रुपये 5000 (अक्षरे रूपये पाँच हजार मात्र)(रोकड़ / बैक ड्राफ्ट)<br>रसीद सं. .................... दिनांक....................<br>बैंक ड्राफ्ट सं. .................... दिनांक....................<br>बैंक का नाम .................... शाखा.................... |

कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर के फार्म पर वर्ष 2024–25 में हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलों की पैदावार में दाना / बीज उपज तथा चारे में निविदादाता / ठेकेदार एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर की हिस्सेदारीः–

| क्र. सं | मौसम व वर्ष | निविदादाता / ठेकेदार का बीज में हिस्सा (प्रतिशत मे) | कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर का बीज में हिस्सा (प्रतिशत मे) | निविदादाता / ठेकेदार का चारे में हिस्सा (प्रतिशत मे) | कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर का चारे में हिस्सा (प्रतिशत मे) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरीफ 2024 | | | | |
| 2 | रबी 2024–25 | | | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

**निविदादाता की घोषणा**

मैं यह घोषणा करता हूं कि जिस कार्य के लिये निविदा की गई है उसका मेरे पास पूर्ण अनुभव है। यदि यह घोषणा असत्य पाई जावे तो मेरी धरोहर राशि जब्त किया जा सकता है तथा निविदा को अस्वीकार / निरस्त किया जा सकता है।

हस्ताक्षर–निविदादाता (ठेकेदार)

निविदादाता का नाम..................................

पता..................................

..................................

मोबाईल नं..................................

परिशिष्ट –2

## हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलों की खेती हेतु आवश्यक शर्तें वर्ष 2024–25

(निविदा शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात् ही निविदा प्रस्तुत करें)

1 निविदा सीलबन्द लिफाफे मे वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष,कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर के नाम से देय हो तथा निविदा लिफाफे पर हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलों की खेती हेतु निविदा दिनांक 18.07.2024 प्रातः 10:30 बजे तक देय होगी तथा निविदादाता का पता लिखा होना चाहिये।

2 निविदा बॉलप्वाईंट नीली स्याही से हाथ से लिखी होनी चाहिये एवं हिस्सा (प्रतिशत में) अंको व शब्दों में स्पष्ट लिखा होना चाहिये तथा किसी प्रकार की कांट छांट अथवा ऊपर ठीक किया हुआ कोई अक्षर स्वीकृत नहीं होगा।

3 निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पेज पर निविदादाता के हस्ताक्षर होने चाहिये।

4 निविदा दरें वर्ष 2024–25 के लिए अनुमोदन के बाद उक्त समय अवधि के लिए मान्य होगी। कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन,नागौर के फार्म पर फसलोत्पादन वर्षा आधारित होता है।

5 निविदा के साथ **रू. 5000/– रुपये की धरोहर राशि रोकड़ अथवा बैंक ड्राफ्ट, जो कि** Senior Scientist and Head, Krishi Vigyan Kendra, Nagaur **के नाम देय हो,** प्रस्तुत करें। धरोहर राशि के बिना एवं निर्धारित दिनांक एवम् समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। चैक के रुप मे धरोहर राशि स्वीकार नहीं की जायेगी।

6 ट्रेक्टर संबंधी कार्य यथा डिस्क प्लाउ व कल्टीवेटर द्वारा भूमि तैयारी का कार्य व बुवाई आदि हेतु आवश्यक मशीनरी की व्यवस्था केन्द्र द्वारा की जायेगी अर्थात् इनसे डीजल खर्च व्यवस्था में निविदादाता का कोई योगदान नहीं होगा परन्तु इस कार्य में समस्त प्रकार के श्रमिक अवयव ठेकेदार के होंगें।

7 बुवाई हेतु बीज व खाद की आपूर्ति केन्द्र द्वारा की जायेगी। खेत की सफाई, जुताई, सीड ड्रिल द्वारा बुवाई, खरपतवार निकालना, सफाई व पैकिंग आदि का कार्य ठेकेदार स्वयं ही करायेगा अर्थात बुवाई से फसल काटने,फसल की चौकीदारी करने व उत्पादन निकालने तक का श्रमिक अवयव व इसके बाद उत्पादन की सफाई करके उसे बोरों मे भरकर पैकिग कर गोदाम में तौलने तक की प्रक्रिया में लगने वाला समस्त श्रमिक अवयव निविदादाता का ही होगा।

8 फसल वृद्धि के दौरान रोग व कीट प्रकोप की स्थिति मे फफूंदनाशक, कीटनाशक व अन्य छिड़काव आदि की आपूर्ति भी केन्द्र ही करेगा। परंतु श्रमिक अवयव निविदादाता के ही होंगे।

9 बीज उत्पादन हेतु विभिन्न प्रकार की शस्य क्रियाएं जैसे निराई–गुड़ाई (कम से कम दो बार) एवं रोगिंग (अवांछित पौधों को निकालना) वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष/फार्म प्रभारी/फार्म मैनेजर के निर्देशानुसार करनी होगी तथा सभी श्रमिक अवयव निविदादाता को वहन करना होगा।

10 निराई–गुड़ाई व अन्य कृषि से सम्बन्धित कार्य मौसम की स्थिति को देखते हुए करने होंगे।प्रतिकूल मौसम होने पर उक्त कार्य रोके जाने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष/फार्म प्रभारी/फार्म मैनेजर को होगा।

11 किसी भी विवाद का निपटारा करने हेतु वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा तथा ठेकेदार इसके लिये बाध्य होगा।

12 फसलों की रखवाली करने की, समय पर निराई–गुड़ाई व जैविक दवाओं का छिड़काव/ भुरकाव तथा समय पर कटाई की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।इसमें शिथिलता बरतने व नुकसान होने पर समिति द्वारा आंकलन किया जायेगा, जिसे निविदादाता के भुगतान में से काट लिया जायेगा।

13 ठेकेदार के श्रमिकों द्वारा यदि फार्म की सम्पति (कृषि या अन्य ) को किसी भी प्रकार का कोई नुकसान पहुंचाया गया तो उसका हर्जाना ठेकेदार को भरना होगा अन्यथा नुकसान का हर्जाना अदा नहीं करने पर धरोहर राशि में से काट लिया जायेगा।

14 धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा एवं कार्य संतोषजनक पूर्ण होने के पश्चात् धरोहर राशि लौटा दी जायेगी।

15 फसल के दौरान निविदादाता स्वयं के पशु वगैरह फार्म पर नहीं लायेगातथा ना ही यहां से चारा आदि ले जाने दिया जायेगा। कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर के फार्म पर उपलब्ध घास,लूंग,पातड़ी व पेड़ इत्यादि पर ठेकेदार का कोई अधिकार नहीं होगा।

16 निविदादाता (ठेकेदार) उक्त केन्द्र की भूमि पर किसी प्रकार के स्वामित्व का दावा नहीं करेगा तथा किसी अन्य व्यक्ति को काश्त हेतु आगे से आगे नहीं देगा अन्यथा उसका ठेका रद्द कर दिया जायेगा।

17 निविदादाता को केन्द्र के मुख्य द्वार से ही आना जाना करना होगा। किसी भी अंवाछित व्यक्ति को फार्म पर आने की इजाजत नहीं होगी।

18 हिस्सा आधारित बीजोत्पादन खेती की बुवाई के क्षेत्रफल को बढ़ाने या कम करने का तथा फसलों के चयन का अधिकार कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर का होगा।

19 केन्द्र के फार्म पर निविदादाता को वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष /फार्म प्रभारी/फार्म मैनेजर द्वारा बताई गई फसलों की ही बुवाई करनी होगी, इसके अलावा कोई भी फसलों की बुवाई निविदादाता द्वारा नहीं की जा सकेगी।

20 फार्म कार्य हेतु आवश्यक मशीनरी जैसे फावड़ा, कुदाली, गेती, खुरपी, दांतली आदि ठेकेदार को स्वयं लाने होंगे।

21 निविदादाता को वर्ष 2024–25 में बीजोत्पादन फसलों की खेती से प्राप्त उपज उक्त मौसमों की समय अवधि में समय पर जमा करानी होगी।

22 फार्म में उत्पादित बीज में से ठेकेदार के हिस्से को खरीदने का पहला हक कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर का होगा। यदि निविदादाता के हिस्से का उत्पादन इस केन्द्र द्वारा क्रय किया जाता है तो केन्द्र उसे उपज जमा कराने के तुरन्त पश्चात नागौर कृषि उपज मंडी के एक सप्ताह के औसत भाव से अतिरिक्त राशि (बोनस 100 रुपये प्रति क्वि) की दर से भुगतान करेगा। अन्यथा ठेकदार अपना हिस्सा स्वयं ले जाने व बेचने को स्वतन्त्र होगा।

23 केन्द्र के फार्म पर बीजोत्पादन कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी। इसमें केन्द्र कोई क्षतिपूर्ति देने के लिए बाध्य नहीं होगा।

24. अमानत राशि/धरोहर राशि कार्य पूरा हो जाने के बाद लौटा दी जायेगी। सफल निविदादाता के अलावा सभी को धरोहर राशि निविदा अनुमोदन के बाद प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर 7 दिन में लौटा दी जायेगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

25 किसी भी विवाद का निपटारा करने हेतू वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा और ठेकेदार पालना के लिये बाध्य होगा। विशेष परिस्थितियों में विवाद को माननीय कुलपति महोदय, कृषि विश्वविधालय, जोधपुर के ऑविश्ट्रेशन में प्रस्तुत करना होगा और उनका निर्णय ठेकेदार को मान्य होगा।

26 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर के पास सुरक्षित रहेगा।

मुझे निविदा की समस्त 26 शर्तें मंजूर हैं तथा मैं उपरोक्त वर्णित शर्तों पर उक्त खेती करने के लिये सहमत हूँ ।

निविदादाता/ठेकेदार के हस्ताक्षर

दिनांक........................ निविदादाता का नाम...........................................

पता.......................................................................

.......................................................................

आधार नं..............................................................

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

हस्ताक्षर कमेटी सदस्य

1

2

3

4